Bharat Temples

बंसी वाले को हम याद आने लगे

बंसी वाले को हम याद आने लगे
कान्हा मंदिर में आंसू बहाने लगे

अब ना कीर्तन में नर्तन कहीं हो रहा
अब ना भक्तों का दर्शन कहीं हो रहा
कितना सुनसान मंदिर पड़ा देख कर
कान्हा अश्क़ों में भी मुस्कुराने लगे
बंसी वाले को ....

अब ना याचक कोई ना दया पात्र है
पूजा को कुछ पुजारी ही बस मात्र हैं
अपना जीवन बचने में सब लग गए
अपने कान्हा को अब सब भुलाने लगे
बंसी वाले को ....

उनके सेवक पुजारी भी खाली खड़े
भक्त सब खो गए उनके छोटे बड़े
आके प्रसाद कोई लगाता नहीं
पेट के चूहे अब कुलबुलाने लगे
बंसी वाले को ....

सोचते हैं ये मैंने क्या लीला घडी
लौट कर ये तो मुझ पर ही भारी पड़ी

मेरे भक्तों बिना मेरा क्या मोल है
सोच कर खुद बखुद पछताने लगे
बंसी वाले को ....

Source: https://www.bharattemples.com/bansi-vale-ko-hum-yaad-aane-lage/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw